हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 9 जून 2026

तापमान
अधिकतम 45.2 डिग्री से.
न्यूनतम 24.0 डिग्री से.

10 बोड़ाखेड़ा में पानी के अवैध कनेक्शनों पर कड़ी ...



10 मोदी के नेतृत्व में देश ने हासिल की ऐतिहासिक ...



## सीएम नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से सोमनाथ के लिए 1100 से अधिक श्रद्धालुओं की विशेष ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

### सोमनाथ मंदिर भारत के स्वाभिमान, आस्था और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक

# तीर्थ यात्राएं संस्कृति, संस्कार और समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम

■ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीर्थ स्थलों, सांस्कृतिक धरोहरों और धार्मिक विरासत के संरक्षण को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। सोमनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं से मिलते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।




कुरुक्षेत्र। श्रद्धालुओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तीर्थ यात्राएं समाज को जोड़ने का महान माध्यम होती हैं। ये यात्राएं हमारी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, संस्कृति और संस्कारों से जोड़ती हैं। जब कोई श्रद्धालु तीर्थ स्थानों पर जाता है, तो वह अपने भीतर नई ऊर्जा, प्रेरणा और नई चेतना लेकर लौटता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र से सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। ट्रेन में 1100 से अधिक श्रद्धालु जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी संतगणों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ब्रह्मसरोवर स्थित श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 मई को प्रधानमंत्री सबसे लम्बे समय तक देश की सेवा करने वाले प्रथम प्रधानमंत्री बन जाएगें। प्रधानमंत्री ने 2014 में देश का नेतृत्व संभाला तब से भारत को नई दिशा देने का कार्य किया है। बुजुर्गों के लिए सोमनाथ की सुखद यात्रा प्रधानमंत्री का आशीर्वाद है। प्रधानमंत्री ने हमारे अनेक तीर्थों का जीर्णोद्धार करवाया है। हम सब श्रीराम मंदिर के उद्घाटन पर्व के साक्षी रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ धाम का दिव्य और भव्य स्वरूप भी सामने आया है, जिससे प्राचीन काशी की गरिमा पुनः जीवित हुई है। आज देशभर के तीर्थ स्थलों का विकास, चारधाम परियोजना, प्रसाद योजना और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के माध्यम से भारत अपनी जड़ों से जुड़ रहा है और यह नए भारत का वह कालखंड है, जहां विकास और विरासत साथ-साथ चल रहे हैं।

### भगवान शिव संपूर्ण मानवता के प्रेरणास्रोत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन भारत की सनातन संस्कृति संतुलन, करुणा और मानवता का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव केवल भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के प्रेरणास्रोत हैं। शिव त्याग, तपस्या, सेवा और संरक्षण का संदेश देते हैं तथा सिखाते हैं कि शक्ति का उपयोग सृजन और कल्याण के लिए होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से सभी देशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना करते हुए यात्रा की सफलता की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान भोलेनाथ के श्रीचरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि उनकी कृपा हरियाणा के हर परिवार, किसान, युवा, माता-बहन तथा समस्त देशवासियों पर बनी रहे। य

### आस्था को तलवारों से नहीं मिटाया जा सकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का इतिहास भारत की धैर्यगाथा का रहा है। यह मंदिर अनेक बार टूटा और लूटा गया। लेकिन हर बार दोगुनी साहस के साथ उठ खड़ा हुआ। इतिहास गवाह है कि जब-जब सोमनाथ पर प्रहार हुआ, तब-तब पूरे देश की आत्मा आहत हुई। लेकिन हर बार राष्ट्र ने यह सिद्ध किया कि हमारी आस्था को तलवारों से नहीं मिटाया जा सकता। उन्होंने कहा कि जब सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण व स्वतंत्र भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का उद्घोष हुआ तब लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने मंदिर निर्माण को राष्ट्रीय निर्माण की पुनर्स्थापना बताया। जिसने राष्ट्र को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश भर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है। यह पर्व जनवरी 2027 तक चलेगा।

## खबर संक्षेप

### दोस्तों पर लोहे की रॉड व विंडो से किया हमला

**यमुनानगर।** यमुनानगर में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने दो दोस्तों पर लोहे की रॉड, विंडो और बेल्ट से हमला कर दिया। आजाद नगर निवासी अभिषेक यादव ने पुलिस को बताया कि उसका पहले अक्षित और भंवर से झगड़ा हुआ था, जिसके बाद वे उससे रंजिश रखने लगे। 6 जून को अभिषेक अपने दोस्त प्रिंस के साथ महाराणा प्रताप पार्क के पास पहुंचा तो अक्षित, भंवर, सन्नी चौहान और राहुल शेट्टी ने उन पर हमला कर दिया। दोनों के कंधे, बाजू, टांगों और सिर पर गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों के पहुंचने पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने मेडिकल शॉप से चुराई हजारों की नकदी

**यमुनानगर।** गांव अमादलपुर स्थित मेडिकल शॉप से चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर साढ़े 43 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने दुकान संचालक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। अमादलपुर निवासी सतपाल सिंह ने बूड़िया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव में ही मेडिकल की दुकान है। पांच जून को देर शाम वह दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब दुकान पर पहुंचा तो दुकान का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान के गल्ले में रखी साढ़े 43 हजार रुपये की नकदी गायब मिली।

### युवक को विदेश भेजने के नाम पर हड़पे आठ लाख

**यमुनानगर।** यमुनानगर की रायपुर कॉलोनी निवासी पीयूष शर्मा से विदेश भेजने के नाम पर आठ लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीयूष ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाने की इच्छा रखता था, इसी दौरान उसकी मुलाकात पुरुषोत्तम नामक युवक से हुई, जिसने खुद को विदेश भेजने का एजेंट बताया। आरोपी ने जून 2025 से मई 2026 के बीच अलग-अलग किस्तों में उससे आठ लाख रुपये ले लिए, लेकिन न तो उसे विदेश भेजा और न ही पैसे लौटाए। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** लोहगढ़ गांव स्थित एक जूस मशीन बनाने वाली फैक्ट्री में घुसे चोर को फैक्ट्री मालिक व उसके दोस्तों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। तीन दिन से लगातार हो रही चोरी के कारण मालिक ने पहरा लगाया था। जैसे ही चोर मालिक को देखकर भागने की कोशिश करने लगा तो मिक्सी क्लस्टर की दीवार से गिरकर बेसुध हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोर को काबू कर नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। पुलिस ने मालिक की शिकायत पर रविदास नगर के मोनू पर केस दर्ज किया है।



### दूसरी शादी कर 15 लाख हड़पने का आरोप

**अंबाला।** अंबाला में एक महिला डेंटल सर्जन ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जोधपुर की मालवीय नगर निवासी डॉक्टर ने शिकायत दी कि नवंबर 2025 में उनकी मुलाकात मेट्रिमोनियल साइट के जरिए अंबाला छावनी के हरीश कुमार से हुई थी। आरोपी ने खुद को अविवाहित बताकर जनवरी में मंदिर में शादी कर ली। बाद में पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है। महिला का आरोप है कि उसने झांसा देकर उससे करीब 15 लाख रुपये भी हड़प लिए और विरोध करने पर मारपीट की। साथ ही जबरन गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी के 3 डिब्बे डिरेल

### बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त, कई ट्रेनें लेट



कुरुक्षेत्र। पटरी से नीचे उतरे डिब्बे। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-5 के पास सोमवार को एक मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर जाने से अफरा-तफरी मच गई। हादसा उस समय हुआ जब स्टेशन पर सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के तहत विशेष ट्रेन को रवाना करने की तैयारियां चल रही थीं और सीएम सैनी के आगमन का कार्यक्रम निर्धारित था। जानकारी के अनुसार मालगाड़ी अडानी साइलो ढांड (कैथल) की ओर जा रही थी। सीएम के कार्यक्रम स्थल से करीब 500 मीटर दूर हुए इस हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, इंजीनियरिंग और तकनीकी टीमें मौके पर पहुंच गईं।रेलवे कर्मचारियों के अनुसार मालगाड़ी में कुल 50 डिब्बे थे, जिनमें से बीच के तीन डिब्बे डिरेल हो गए। आगे के 19 डिब्बों को गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया, जबकि शेष 31 डिब्बे स्टेशन पर खड़े रहे। हादसे में रेलवे ट्रैक के समीप लगे कई बिजली के खंभे और तार भी क्षतिग्रस्त हो गए। कई ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा और कुछ ट्रेनें विलंबित रहीं। ट्रैक की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

### स्टेशन पर चल रहा था सीएम का कार्यक्रम

हादसे के समय कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कार्यक्रम प्रस्तावित था, जहां उन्हें सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखानी थी। मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरने के कारण सोमनाथ जाने वाली ट्रेन को भी कुछ समय के लिए रोका गया। बाद में मुख्यमंत्री ने निर्धारित कार्यक्रम के तहत ट्रेन को रवाना किया। मालगाड़ी लगभग दोपहर 12 बजे डिरेल हुई, जबकि मुख्यमंत्री करीब 1 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

## यात्रियों को राहत, कालका बद्दी के लिए एसी बसों के बढ़ाए जाएंगे फेरे

■ कालका रूट पर बढ़कर 18 हुई इलेक्ट्रिक बसें, दो शिफ्टों में हो रहा संचालन

**अंबाला।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए परिवहन विभाग ने इलेक्ट्रिक बस सेवाओं का विस्तार किया है। अब कालका मार्ग पर बसों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं, वहीं हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के लिए भी दो नई इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया गया है। इस फैसले से दैनिक यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों और प्रवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर हिमाचल की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो आगे बद्दी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में काम के लिए जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए बद्दी रूट पर सुबह 05:10 बजे और 11:00 बजे दो बसों का संचालन शुरू किया गया है।इसके अलावा कालका मार्ग पर भी इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाकर 18 कर दी गई है, जो दो शिफ्टों में संचालित हो रही हैं।

## हाईटेंशन तारों की चपेट में आने से तकनीशियन की मौत

■ व्यासपुर में दुकान पर सीसीटीवी कैमरों की फिटिंग के दौरान हुआ हादसा

**यमुनानगर।** व्यासपुर स्थित गणपति कान्वेंट स्कूल के सामने एक दुकान में सीसीटीवी कैमरों की फिटिंग करते समय दर्दनाक हादसा हो गया। दुकान के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन बिजली की तारों की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव धौलरा निवासी शिवकुमार के रूप में हुई है, जो सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता था।गांव भोगपुर निवासी अतुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शिवकुमार 6 जून को मोंटू वर्मा की दुकान पर कैमरों की फिटिंग कर रहा था, तभी वह हाई टेंशन तारों की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने दुकानदार प्रिंस कुमार और मोंटू वर्मा पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ससुराल में रह रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में ससुराल में रह रहे 37 वर्षीय युवक लखन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लखन मूल रूप से दिल्ली के तिलक नगर का निवासी था और पिछले कई वर्षों से अपनी ससुराल में रह रहा था। बताया गया कि वह रात को अपने कमरे में सोने गया था, लेकिन सुबह मृत अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर दिल्ली से पहुंचे परिजनों ने उसकी मौत पर संदेह जताया है।लखन की पत्नी पूजा ने बताया कि वह पिछले 7-8 वर्षों से नशा करता था और संभवतः नशे के कारण उसकी मौत हुई हो। लखन की शादी करीब 15 वर्ष पहले करनाल के इंद्री निवासी पूजा से हुई थी। उनके पांच बच्चे हैं। मृतक के बड़े भाई अमर ने बताया कि उन्हें रात में फोन पर मौत की सूचना मिली, जिसके बाद वे परिवार सहित कुरुक्षेत्र पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा रिपोर्ट आने के बाद होगा।

## पानीपत में इलेक्ट्रीशियन की संदिग्ध हालत में मौत

■ घर पर खून से लथपथ शव मिला, गले में लिपटा था कपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव गढ़ सरनाई में 38 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन मदन सैनी रविवार की आधी रात खून से लथपथ हालत में फर्श पर पडा मिला। मदन के गले में कपडा लिपटा हुआ था। परिजन, मदन को लेकर पानीपत के सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि जब परिजनों ने मदन को फर्श पर पडे देखा तो उनके शरीर से तेजी से खून बह रहा था और उसकी सांसें चल रही थी। इधर, पुलिस ने मदन की मौत के सही कारण जानने के लिए उसके शव का पोस्टमार्टम करवाया है। मदन सैनी शांत रहने वाला व्यक्ति था और उसका किसी के साथ कोई मनमुटाव या रंजिश नहीं थी। मदन अपने पीछे दो बेटियों और एक बेटे सहित पूरे हंसते-खेलते परिवार को रोता-बिलखता छोड़ गया। इधर, मदन का भाई दिनेश सीबीआई में तैनात है। दूसरी ओर, पुलिस ने मदन की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अवैध खनन पर शिकंजा, 8 वाहन सीज

■ ओवरलोडिंग और यातायात नियमों के उल्लंघन पर 3.47 लाख के चालान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा जिले में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम जगाधरी विश्नाथ के नेतृत्व में जिले में अभियान चलाकर अवैध खनन में संलिप्त आठ वाहनों को सीज किया गया। वहीं, ओवरलोडिंग तथा यातायात नियमों की उल्लंघना करने के मामलों में तीन लाख 47 हजार रुपये के चालान किए गए। एसडीएम विश्वनाथ ने बताया कि अवैध खनन के मामलों में नियमानुसार जुर्माना लगाने एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित मामलों की सूचना खनन विभाग को भेज दी गई है। इसके अतिरिक्त जीएसटी चोरी की संभावनाओं को देखते हुए नियमानुसार कार्रवाई हेतु जीएसटी विभाग को भी सूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन, ओवरलोडिंग तथा राजस्व हानि पहुंचाने वाली गतिविधियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य अवैध खनन एवं परिवहन की गतिविधियों शून्य करना है।

## विवि में यूएचवी से जुड़े प्रशिक्षण, कार्यशालाओं और जागरूकता कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा

*एआईसीटीई के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. मुंशी यादव ने श्री कृष्ण आयुष विवि किया का दौरा*

# सत्य, प्रेम और करुणा आधारित शिक्षा से होगा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास : प्रो. धीमान

■ शिक्षा में मानवीय मूल्यों के समावेश और यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यू कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज (यूएचवी) पहल के तहत उत्तर एवं पश्चिम जोन के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. मुंशी यादव ने सोमवार को श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान तथा कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान शिक्षा में मानवीय मूल्यों के समावेश, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा विश्वविद्यालय में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रो. मुंशी यादव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि जिम्मेदार, संवेदनशील और मूल्यनिष्ठ नागरिक तैयार करना भी है। शिक्षा के साथ नैतिक और मानवीय मूल्यों का समावेश विद्यार्थियों को बेहतर नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि मूल्य-आधारित शिक्षा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की मजबूत आधारशिला है। सत्य, प्रेम और करुणा जैसे मानवीय मूल्यों से युक्त उच्च शिक्षा का भाव शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय भी इस महत्वपूर्ण मुहिम से जुड़ रहा है तथा भविष्य में एआईसीटीई के सहयोग से विश्वविद्यालय में कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए यूएचवी से संबंधित प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। बैठक में भविष्य में आयोजित होने वाली कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा विद्यार्थियों में नैतिक, सामाजिक और मानवीय चेतना के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## 1185 नशीली गोलियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

■ पुलिस नशा तस्करी नेटवर्क और सप्लाई चेन की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल पुलिस की सीआईए असंध टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक योगेश कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 1185 नशीली एल्प्राजोलम गोलियां तथा तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति क्षेत्र में नशीली दवाओं की सप्लाई कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए विरेन्द्र सिंह उर्फ ब्रिन्दु, निवासी वार्ड नंबर-10, असंध को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से बिना लाइसेंस और परमिट के भारी मात्रा में नशीली गोलियां मिलीं।इस संबंध में थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर पूरे नशा तस्करी नेटवर्क का पता लगाया जाएगा।

### मौसम के तल्ख मिजाज से बाजार, रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड हुए सुनसान

# उफ ये गर्मी: पारा पहुंचा 39 के पार दिनभर पसीने से तर-बतर रहे लोग


यमुनानगर। दोपहर के समय गर्मी में सूनसान पड़ा जगाधरी रेलवे स्टेशन।

#### गर्मी में पहनें सूती वस्त्र

फिजिशियन डॉ. राजकुमार का कहना है कि गर्मी के मौसम में सभी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। सीधी धूप से बचें। तेज धूप में बाहर न निकलें। सूती वस्त्र पहनें और धूप के समय बदन को ढककर रखें। बाजार की तली व भूनी हुई वस्तुओं से परहेज करें। पानी अधिक मात्रा में पिएं और ताजे फलों का जूस ही पिएं। बाजार में बिक रहे पेय पदार्थों के सेवन से पहले गुणवता की जांच कर लें।


यमुनानगर। दोपहर के समय सड़कों पर दिखे इक्का-दुक्का वाहन।

#### जूस की बढ़ी डिमांड

गर्मी से राहत पाने के लिए सोमवार को अधिकांश लोग बेल व अन्य फलों के जूस व ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करते दिखे। जबकि कुछ लोगों ने अपने घरों में ही निंबू पानी पीकर गर्मी से ठंडक पाने का प्रयास किया। आलम यह रहा कि दिन भर लोग गर्मी व मौसम में उमस बनने से बेहाल रहे। अधिकांश लोगों ने बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझा और घरों में ही दुबके रहे। लोग जरूरी काम से ही बाहर निकले।

**भीषण गर्मी की वजह से आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त दिखा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भीष्ण गर्मी के कहर से जिलेवासी बेहाल हो रहे हैं। आलम यह है कि पिछले कई दिन से सुबह होते ही आसमान से आग टपकने लगती है। जिससे दिन प्रतिदिन मौसम में तापमान में वृद्धि हो रही है और लोग गर्मी की तपिश से हलकान हो रहे हैं। गर्मी की तपिश के कारण रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व बाजार दोपहर के समय सूनसान रहने लगे हैं। वहीं, भीष्ण गर्मी के चलते दिन प्रतिदिन तापमान में वृद्धि हो रही है। सोमवार को जिले का तापमान बढ़कर अधिकतम 39 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

सोमवार सुबह सूर्यदेव के निकलते ही गर्मी पड़नी शुरू हो गई और मौसम में उमस बन गई। दिन बढ़ने के साथ-साथ गर्मी भी बढ़ती गई। दोपहर के समय हालात काफी खराब देखे गए और गर्मी का असर सड़कों पर भी दिखाई दिया। सड़कों पर सामान्य दिनों से कम ही वाहन दिखाई दिए। गर्मी का असर दैनिक कार्यों पर भी देखा गया।

वहीं, गर्मी की तपिश के कारण रेलवे स्टेशनों व बस स्टैंड पर यात्री ना के बराबर रहे। आलम यह था कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्री गर्मी से राहत पाने के लिए यहां वहां भटकते रहे। वहीं, बाजार व सड़कें भी दोपहर के समय सूनसान हो गए। गर्मी की वजह से जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त होकर रह गया।

सोमवार को शाम छह बजे के बाद गर्मी से कुछ राहत मिली और बाजारों में भी काफी चहल-पहल देखी गई। बाजार में खरीददारी करने के लिए लोगों को शाम ढलने का इंतजार करना पड़ा। क्योंकि दिनभर गर्मी के कारण घरों से बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझा। शाम के समय काफी संख्या में लोग पार्कों में पहुंचे और दिनभर की बेचैनी से राहत पाई।

## छबील लगाकर लोगों को पिलाया मीठा जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर




गांव खुर्दबन में ग्रामीणों द्वारा मीठे जल की छबील लगाकर रागगिरों को ठंडा मीठा जल पिलाकर पुण्य कमाया। खास बात यह रही कि खुर्दबन में लगाई गई छबील में सुबह से लेकर शाम तक राह चलते लोगों को मीठा जल पिलाया।

खुर्दबन के सरपंच सुभाष सैनी, नरेंद्र सैनी, विपिन्न सैनी,चेतन सैनी, रामपाल व टोनी आदि ने बताया कि गर्मी के मौसम में पशु पक्षी व मानवता की सेवा करनी चाहिए। सभी को अपने घरों के आसपास पानी भरकर रखना चाहिए। जिससे पशु व पक्षियों को भी जनल मिल सेक और वह प्यास के मारे मौत का शिकार ना हो सकें। उन्होने बताया कि ग्रामीणों द्वारा छबील लगाकर राहगिरों को मीठा जल पिलाया गया। इससे गर्मी की तपिश में लोगों को राहत मिली। उन्होंने बताया कि आजकल मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ रही है। ऐसे में लोगों का घरों से बाहर निकलना जहां मुहाल हो रहा है। वहीं, राहगिरों को गर्मी में राहत देने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा लगाई गई छबीलें काफी राहत प्रदान कर रही हैं। मौके पर श्रद्धालु सतीश व वीरभान आदि ने बताया कि जल ही जीवन है। जल के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।


यमुनानगर। रादौर तहसील कार्यालय परिसर में बैठक में भाग लेते नंबरदार।

## भूमिगत जलस्तर में सुधार लाने का नंबरदारों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के प्रधान शेर सिंह मंसूरपुर ने की बैठक की अध्यक्षता

हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के सदस्यों की रादौर तहसील कार्यालय परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान शेर सिंह मंसूरपुर ने की। बैठक में सभी नंबरदारो ने प्रधान शेर सिंह मंसूरपुर का जोरदार स्वागत किया।

एसोसिएशन के प्रधान शेर सिंह मंसूरपुर ने कहा कि वह सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करेंगे। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करवाने का प्रयास करेंगे। मौके पर सभी नंबरदारों ने नवनियुक्त प्रधान शेर सिंह मंसूरपुर के नेतृत्व में समाज कल्याण के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने अपने गांवों में सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया और स्वयं भी पूरा सहयोग देने का की बात कही।

इस दौरान सभी नंबरदारो ने मानसून को देखते हुए अपने अपने गांवों में पौधारोपण अभियान चलाए जाने पर सहमति जताई। वहीं, बैठक में सभी नंबरदारो ने अपने गांवो में प्लास्टिक का इस्तेमाल न किए जाने व सभी को प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने का अभियान चलाने के लिए संकल्प लिया। नंबरदारों ने बारिश के पानी से भूमिगत जल स्तर पर सुधार लाने पर काम करने, अपने अपने गांवों में आपसी भाईचारे को बढ़ाने में सहयोग करने और अपने गांवों में नशा मुक्ति अभियान चलाए जाने की शपथ ग्रहण की।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शिवकुमार संधाला, वेदप्रकाश बकाना, बलराम सिंह, जगरनाथ, सुरेशपाल, कश्मीरी लाल, जगमाल, चमनलाल, जिलेवीर, नायब सिंह, कुलदीप सिंह, रामनाथ व रघुबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### न्यूज डायरी



#### डॉ. कमल कुमार को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान

यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कमल कुमार भारद्वाज को यूपी के बागपत (बुधसैनी) स्थित माँ शर्मिष्ठा सेवा संस्कार फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। डॉ. भारद्वाज को यह सम्मान गत 24 मई को बागपत के सर्वोदय संस्कृत आश्रम में आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणाली और राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान-2026 पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में सक्रिय भागीदारी और शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए मिला। डॉ. भारद्वाज ने स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए एनईपी-2020 की प्रासंगिकता शीर्षक से एक शोध पत्र प्रस्तुत किया। इसमें उन्होंने बताया कि कैसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रोजगार क्षमता और समग्र शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए पारंपरिक भारतीय ज्ञान का लाभ उठा सकती है। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर, प्रिंसीपल डॉ.अरविंदर सिंह भल्ला, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ.कैथरीन मसीह ने डॉ.कमल कुमार भारद्वाज को इस उपलब्धि पर बधाई दी।



#### वरिष्ठ नागरिकों व पेंशनरों को बेहतर सुविधाएं दें

रादौर। हरियाणा पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों की बैठक रादौर की कांबोज धर्मशाला में सोसायटी के प्रधान ओमप्रकाश बड़शामी की अध्यक्षता में हुई। सोसायटी के प्रधान ओम प्रकाश बड़शामी ने बताया कि बैठक में पेंशनरों से जुड़ी समस्याओं और मांगों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान सदस्यों ने चिकित्सा सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं तथा पेंशनरों को मिलने वाली राहत संबंधी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि बैठक में सरकार से पेंशनरों के हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई। बैठक में सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनरों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। सोसायटी के प्रधान ओम प्रकाश बड़शामी ने बताया कि बैठक में सरकार से कैशलेस स्कीम सभी बीमारियों पर लागू किए जाने, मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपये किए जाने, 18 माह का डीए बहाल किए जाने, कोर्ट निर्णय सभी पेंशनरों पर लागू किए जाने की मांग की गई। इसके अलावा 65, 70 व 75 आयु पर 5, 10 व 15 प्रतिशत दिए जाने की भी मांग की गई। बैठक में विभिन्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए तथा संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बलजीत रोहिला, कुलदीप शर्मा, राजपाल, रामेश्वर दास, रामचंद्र, अमृतलाल, बुद्धिबल, हंसराज, चानन दास, नरोत्तम दास, सतीश, कुडाराम, ऋषिपाल व बीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता महीपाल ने थामा भाजपा का दामन

**कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के सपुत्र नेपाल सिंह राणा ने दिलाई भाजपा की सदस्यता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। गांव खजूरी नागल में भाजपा में शामिल हुए नेताओं का स्वागत करते नेपाल सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के सपुत्र नेपाल सिंह राणा ने कहा कि भाजपा की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की वजह से देश व प्रदेश में भाजपा का जनाधार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में गांव खजूरी-नागल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महीपाल राणा व उसके समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश राणा की अध्यक्षता में गांव नागल खजूरी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने नेपाल सिंह राणा को बुक्के व मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। नेपाल सिंह राणा ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की पहचान एवं मजबूत कड़ी होते हैं, जिस पार्टी का कार्यकर्ता मेहनती, नेतृत्व बेहतर एवं मजबूत होगा वह पार्टी हमेशा आगे बढ़ेगी और जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी देश ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों एवं योजनाओं से प्रभावित होकर देश व प्रदेश की जनता भाजपा के साथ भारी संख्या में जुड़ रही है। नेपाल सिंह राणा ने कार्यक्रम में नीतियों एवं योजनाओं में विश्वास से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए लोगों का धन्यवाद एवं स्वागत करते हुए कहा कि जो लोग भाजपा में शामिल हुए उनको पार्टी की ओर से पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इन सभी के भाजपा संगठन में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

#### भाजपा निभाती है वादे

उन्होंने कहा कि भाजपा जो वादे जनता से करती है उन्हें धरातल पर पूरा भी करती है। भाजपा में कोई कार्यकर्ता छोटा या बड़ा नहीं होता। भाजपा ही केवल ऐसी राजनैतिक पार्टी है जिसमें छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी राज्य का मुख्यमंत्री बन सकता है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश राणा, मंडल महामंत्री सचिन पाल, नसीम खान, अजय शर्मा, राजेश शर्मा, सरपंच कमल आदि मौजूद थे।



#### समाधान शिविर में आईं शिकायतों का शीघ्र करें निपटान

यमुनानगर। जिला सचिवालय में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मौके पर रखी गई चार समस्याओं का समाधान किया गया। समाधान शिविर में चार शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें यमुनानगर निवासी चांदनी ने इंतकाल दर्ज करने बारे, नरेश कुमार ने राशन न मिलने बारे व डिपू अन्य व्यक्ति के नाम पर चलाने बारे, संदीप गांधी ने झुग्गियों में अवैध बिजली के कनेक्शन करने बारे तथा जय भगवान ने सीवरेज ब्लॉक होने बारे समस्याएं रखी। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहे। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश ने कहा कि अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार, उपायुक्त कार्यालय के अधीक्षक अतुल कुमार, समाधान शिविर के विशेष सदस्य जगदीश बब्बर, खरैती लाल बतरा, सुरेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## समाज में सम्मान के बिना मानव जीवन अर्थहीन

**बच्चों को बचपन से ही परिवार के साथ-साथ समाज से भी जोड़ने का प्रयास करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया संस्थान रादौर द्वारा सोमवार को पारिवारिक संस्कार एवं समाजिक प्रतिष्ठा से ही व्यक्तित्व निर्माण विषय पर ऑनलाइन छठे वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में मुख्यातिथि के रुप में एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट इंडिया के रांची (झारखंड) से एडिशनल डायरेक्टर अजय कुमार गौतम ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता संस्थान के चेयरमैन एवं संस्थापक डॉ. सौरभ आर्य ने की। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में मुख्य संरक्षक सुशील भाटिया चंडीगढ़ मौजूद रहे।

मुख्यातिथि एवं एडिशनल डायरेक्टर अजय कुमार गौतम ने कहा कि समाज में यदि आपका सम्मान नहीं है तो ऐसा जीवन अर्थहीन है। इसलिए बच्चों को बचपन से ही परिवार के साथ साथ समाज से भी जोड़ने का प्रयास करें। ताकि उनमें अनुशासन और व्यक्तित्व का निर्माण हो सके। वहीं, सोमैया विद्याविहार यूनिवर्सिटी मुम्बई (महाराष्ट्र) से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रकाश सोनी ने कहा कि जो वर्तमान समय में अपना समाजिक परिचय नहीं दे पा रहे हैं उनके लिए अत्यंत विचारणीय एवं चिंतनीय विषय है। इसका एकमात्र समाधान पारिवारिक और सामाजिक संस्कार से व्यक्तिव निमार्ण की संस्कारित शिक्षा को अपने आचरण एवं व्यवहार में डालने से सम्भव है। दिल्ली पब्लिक स्कूल हाथरस उत्तर प्रदेश की फाउंडेशन कोर्डिनेटर नम्रता अग्रवाल ने कहा कि चरित्र निर्माण से ही व्यक्तित्व निमार्ण सम्भव है। क्योंकि परिवारिक एवं समाजिक संस्कारों से केवल सफलता ही हासिल नहीं होती है। बल्कि व्यक्तित्व निर्माण भी होता है। उन्होंने कहा की बच्चे स्कूल कालेज यूनिवर्सिटी में हाईटैक सुविधाओं के साथ एकेडमिक क्वालिफिकेशन लेकर पारिवारिक नैतिक समाजिक शिक्षा भी अनिवार्य रूप से ग्रहण करें। क्योंकि पद प्रतिष्ठा के साथ हमारा व्यवहार ही हमारे व्यक्तित्व की पहचान कराता है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. सौरभ आर्य ने कहा की जन्म और मृत्यु हमारे हाथ में नहीं है। लेकिन पारिवारिक संस्कार और सामाजिक प्रतिष्ठा के आधार पर अपने व्यक्तित्व का निर्माण करना हमारी प्रतिभा पर निर्भर करता है।



रादौर। सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया संस्थान रादौर में आयोजित ऑनलाइन वेबिनार में अपने विचार व्यक्त करते विद्वान। फोटो : हरिभूमि

#### वेबिनार में इन्होंने व्यक्त किए विचार

इस अवसर पर वेबिनार में स्वदेश फाउंडेशन नेपाल के मुख्य सचिव किशोर शर्मा सेडाई, नेरोबी ईस्ट अफ्रिका से पंडित आचार्य रामकृष्ण, लालू कुमार पटना, भारत भूषण परिहार जम्मू कश्मीर, सुदेश वर्मा, जगदीश कुमार, सुदेश कांबोज, उर्वशी वर्मा, वैशाली, राजकिशोर रिंकू यमुनानगर व विचारक युगल किशोर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम कादियान ने दी जानकारी

# 21 से 23 अगस्त तक लगेगी विशेष लोक अदालत

**सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों का निपटारा करवाने के इच्छुक अपने मामले को सूचीबद्ध कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। अपने कार्यालय में उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत की जानकारी देतीं सीजेएम सुमित्रा कादियान।

उच्चतम न्यायालय द्वारा 21 अगस्त से 23 अगस्त तक तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने दी।

प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने नागरिकों को आहवान किया कि यदि वह माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित अपने मामलों का निपटारा करवाना चाहते हैं तो अपने मामले को इस विशेष समाधान समारोह में सूचीबद्ध कराने के लिए निकटतम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षित मध्यस्थ, पक्षकारों को सौहार्दपूर्ण समझौता कराने में सहायता हेतु पूर्व लोक अदालत बैठकें आयोजित की जाएंगी।

#### इन मामलों का करवा सकते हैं निपटान

प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुनित्रा कादियान ने बताया कि उच्चतम न्यायालय में आयोजित होने वाले विशेष समाधान समारोह में विचार किए जाने वाले चैक से संबन्धित मामले (एनआई एक्ट),धन वसूली मामले, अपराधिक मामले जिनमे कानूनी तौर पर समझौता किया जा सकता है, एक्सीडेंट क्लेम केस (एमए सीटी ),श्रम एवं रोजगार संबन्धी विवाद, पारिवारिक विवाद मामले, किराया संबंधी मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं (सिविल एवं आपराधिक ), भरण पोषण संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण और भूमि विवाद मामले, सेवाएं संबंधी मामले, राजस्व मामले व अन्य मामले हो सकते हैं। सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि अधिवक्ता और पक्षकार हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाइट पर हरियाणा के अधिकार क्षेत्र में उत्पन्न संदर्भित मामलों की सूची देख सकते हैं। यदि आपका मामला पहले से संदर्भित मामलों में शामिल नहीं है तो आप गूगल फार्म के माध्यम से जो कि वेबसाईट पर उपलब्ध है। विवरण जमा करके अपने मामले को संदर्भित करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि त्वरित और प्रभावी निपटान, आपसी समझौता सरल प्रक्रिया, अंतिम और बाध्यकारी निर्णय समाधान समारोह के लाभ है। अधिक जानकारी के लिए अधिवक्ता एवं पक्षकार अपने निकटतम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्पर्क कर सकते हैं।

## सफाई कर्मियों की मांगें पूरी करवाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर


रादौर। हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका का स्वागत करते सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सैनी समाज रादौर द्वारा कस्बा में कार्यक्रम आयोजित कर हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के नवनियुक्त चेयरमैन एवं पूर्व विधायक ईश्वर पलाका का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने की। उन्होंने कार्यक्रम में चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका के पहुंचने पर समाज की ओर से बुके भेंटकर उनका स्वागत किया।

प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका लंबे समय से भाजपा पार्टी के लिए दिनरात कार्य कर रहे हैं। उनकी सेवाओं को देखते हुए सरकार की ओर से उन्हें चेयरमैन पद पर नवाजा गया है। जिसके लिए वह सरकार का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर सिंह पलाका को हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग का चेयरमैन नियुक्त करके सरकार ने रादौर हल्के की जनता का सम्मान किया है।

मौके पर नवनियुक्त चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका ने कहा कि उनका उद्देश्य सफाई कर्मचारियों की मुख्य मांगों को पूरा करवाना होगा। सैनी समाज के लोगों द्वारा उनको जो सम्मान दिया गया है। वह उनके आभारी हैं। वह रादौर हल्के की जनता और समाज के लोगों के हितों के लिए कार्य करते रहेंगे। इसके अलावा सरकार ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसका अपनी पूरी ईमानदारी से निर्वाहन करेंगे।

# घरेलू गैस सिलेंडर महंगा होने से बिगड़ेगा रसोई का बजट : कांग्रेस नेत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

घरेलू रसोई गैस के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी आम जनता के लिए चिंता का विषय है। गैस सिलेंडर रसोई की एक आवश्यक जरूरत है और इसकी कीमत बढ़ने से परिवारों का मासिक बजट प्रभावित होता है। विशेष रूप से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों पर इसका अधिक असर पड़ता है, क्योंकि उनकी आय सीमित होती है। महंगाई के इस दौर में गैस के दाम बढ़ने से रसोई का खर्च और बढ़ गया है। सरकार को आम लोगों को राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि आवश्यक वस्तुओं की कीमतें नियंत्रित रह सकें और जनता पर आर्थिक बोझ कम हो।




## गैस सिलेंडर के बढ़े दामों को लेकर बोलीं महिलाएं

### आमजन की बढ़ी परेशानी : मीना शर्मा



कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 29 रुपये की बढ़ोतरी ने घर का बजट और बिगाड़ दिया है। दिन प्रतिदिन बढ़ रही महंगाई से आमजन परेशान है लेकिन सरकार का इस ओर कोई ध्यान नही है। पहले ही रसोई का खर्च लगातार बढ़ रहा है और अब गैस सिलेंडर महंगा होने से परेशानी और बढ़ गई है। मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए हर महीने खर्चों का प्रबंधन करना मुश्किल होता जा रहा है। रसोई गैस एक आवश्यक वस्तु है, इसलिए इसके दाम बढ़ने का सीधा असर हर परिवार पर पड़ता है। जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए गैस की कीमतों पर नियंत्रण करना चाहिए।

### गरीब और निम्न वर्ग पर पड़ेगा असर : सुदेश



समाजसेवी एडवोकेट सुदेश कुमारी का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों पर गैस सिलेंडर महंगा होने का सबसे अधिक असर पड़ता है। कई परिवार बड़ी मुश्किल से गैस सिलेंडर भरवा पाते हैं। अब कीमत बढ़ने से कुछ लोगों को फिर से पारंपरिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ सकता है। स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की थीं, लेकिन लगातार बढ़ती कीमतें उन प्रयासों को प्रभावित कर सकती हैं। यदि गैस सस्ती रहेगी तो अधिक लोग इसका उपयोग करेंगे। गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवारों को विशेष राहत देने की आवश्यकता है।

## बढ़ती महंगाई पर कांग्रेसियों की प्रतिक्रिया

### महंगाई पर नियंत्रण नहीं : लक्ष्मीकांत शर्मा



कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने का असर केवल घरों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका प्रभाव पूरे बाजार पर पड़ता है । जब ईंधन और ऊर्जा से जुड़ी लागत बढ़ती है तो वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों पर भी असर दिखाई देता है। आम उपभोक्ता पहले ही बढ़ती महंगाई से परेशान है। लोगों की क्रय शक्ति प्रभावित होने से बाजार में मांग भी कम हो सकती है। सरकार का महंगाई पर नियंत्रण पाने की तरफ कोई ध्यान नही है। सरकार को महंगाई पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि आम नागरिकों को राहत मिले।

### सरकार महंगाई रोकने में फेल : सुरेंद्र सैनी



कांग्रेस नेता सुरेंद्र सैनी का कहना है कि गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी आम आदमी की जेब पर भारी पड़ रही है। सरकार महंगाई पर काबू पाने में पूरी तरह से फेल है। कर्मचारियों के वेतन में उतनी बढ़ोतरी नहीं हो रही जितनी तेजी से महंगाई बढ़ रही है। रसोई गैस के दाम बढ़ने से मासिक बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। सरकार को ऐसी नीतियां बनानी चाहिए जिससे आवश्यक वस्तुओं की कीमतें नियंत्रण में रहें। आम नागरिक चाहता है कि उसे महंगाई से राहत मिले और घरेलू खर्चों को संभालना आसान हो।

## खबर संक्षेप

### धर्म का मार्ग दिखाती है श्रीमद्भागवत कथा

**पिहोवा।** ब्रह्मजुनी रोड स्थित रामलीला भवन में समाजसेवी महिलाओं के विशेष प्रयास से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। व्यासपीठ से कथावाचक पंडित मनीष शास्त्री ने श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की कथा मनुष्य को धर्म, संस्कार और सदाचार का मार्ग दिखाती है। उन्होंने बताया कि महर्षि वेदव्यास के पुत्र सुखदेव जी ने सांसारिक मोह-माया से दूर रहकर भगवान की भक्ति और ज्ञान का संदेश दिया।

### सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का संकल्प

**पिहोवा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत गांव मूर्तजापुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा लीगल सेल के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुशांत भारती का ग्रामीणों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर गांव मूर्तजापुर के सरपंच जगत सिंह मूर्तजापुर, सुभाष, बलदेव, गयान सरपंच संधोली, सुरेंद्र , लाडी पाल, दिनेश आदि मौजूद रहे।

### कुवि में बीटेक सिविल इंजीनियरिंग कोर्स शुरू

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग के नए पाठ्यक्रम की शुरूआत की है। एआईसीटीई से अनुमोदित इस कोर्स में 60 सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान करेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप संचालित इस संस्थान में पहले से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा बायोटेक्नोलॉजी जैसे पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

## धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से गुजरात के सोमनाथ मंदिर के लिए दो ट्रेन रवाना

# यात्रा में शामिल बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने ट्रेन में मिली सुविधाओं को सराहा

**ट्रेन में अच्छे खाने-पीने की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर के लिए रवाना हुई ट्रेन दो धार्मिक क्षेत्रों को जोड़ रही है। इस यात्रा में शामिल बुजुर्ग व्यवस्थाओं और सुविधाओं को देखकर खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। पंचकूला के पिंजौर निवासी कश्मीरी लाल ने कहा कि आज सोमनाथ यात्रा पर जा रहे हैं। यहां पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर बहुत ही पुख्ता प्रबंध मिलें है। रेलगाड़ी एयर कंडीशनर है। इसके अलावा सभी प्रबंध रेलगाड़ी में उपलब्ध है। इन प्रबंधों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करवाया है। आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सैकड़ों बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे मुख्यमंत्री बहुत ही कम आते हैं। हमारी तरफ से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को साधुवाद है। ट्रेन से सोमनाथ जा रही महिला श्रद्धालु सुदेश रानी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुजुर्गों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण योजना को शुरू किया है। जो ट्रेन सोमनाथ जा रही है, उसमें उनके लिए अच्छे खाने-पीने की व्यवस्था की है। इसके अलावा डॉक्टर व रहने के लिए उचित व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन में उन सभी नागरिकों को मौका मिला है, जिन्हें कभी इन तीर्थों पर जाने की सोची नहीं थी। ऐसा सिर्फ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच की बदौलत हुआ है। अंबाला निवासी धर्मपाल ने कहा कि अंबाला में ट्रिपल इंजन की सरकार है। जो तेज गति के साथ शहर का विकास करवा रही है। सरकार की नियत और नीति अंत्योदय की रही है। जिसके चलते आज उन्हें सोमनाथ मंदिर जाने का मौका मिला है। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वो कभी पवित्र धाम सोमनाथ के दर्शन कर पाएंगे। आज उन्हें ऐसा तोहफा मिला है, जिसे उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। वो मुख्यमंत्री का आभार व धन्यवाद व्यक्त करते हैं। अंबाला निवासी सरोज बाला ने कहा कि हमने कभी सपने में भी सोमनाथ धाम के दर्शन की नहीं सोची थी। सरकार की इस योजना के बारे में बच्चों ने फार्म भर दिया, जिसका हमें पता नहीं था। जब कल डीआईपीआर कार्यालय से फोन आया तो पता चला कि हमारा नाम सोमनाथ यात्रा पर जाने के तय हो चुका है। इसके बाद खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस पहले के किसी भी मुख्यमंत्री ने ऐसा नहीं सोचा। सरकार और मुख्यमंत्री का ऐसी योजना शुरू करने पर बहुत धन्यवाद है।

**रेलवे स्टेशन पर मौजूद श्रद्धालु**



### खास बातें

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर यात्रियों को बहुत ही पुख्ता प्रबंध मिलें
- रेलगाड़ी एयर कंडीशनर है, इसके अलावा सभी प्रबंध रेलगाड़ी में उपलब्ध
- प्रथम ज्योतिर्लिंगम भगवान श्री सोमनाथ दर्शन के लिए ट्रेन रवाना हुई, व्यवस्थाओं को देखकर श्रद्धालुओं ने सीएम का जताया आभा

### सरकार ने यात्रियों के लिए आने-जाने, रहने और खाने सहित अन्य तमाम प्रबंध किए : सुभाष सुधा

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र से लगातार तीर्थ दर्शन के लिए रेलगाड़ियों को रवाना कर रही है। पहले अध्योध्या में श्रीराम मंदिर के दर्शन के लिए, नांदेड़ में श्रीहुजूर साहिब दर्शन के लिए और आज प्रथम ज्योतिर्लिंगम भगवान श्री सोमनाथ दर्शन के लिए रेलगाड़ी रवाना हो रही है। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या और नांदेड़ साहिब के दर्शन करने के बाद वापसी में यात्रियों का स्वागत किया तो यात्रियों ने खुशी जाहिर की और मुख्यमंत्री नायब सिंह को श्रवण कुमार की संज्ञा देते हुए अनेक दुआएं दी। उन्होंने कहा कि यात्रियों के लिए सरकार ने आने-जाने, रहने और खाने सहित अन्य तमाम प्रबंध किए हुए हैं। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वो एक-दूसरे का सहयोग करते हुए यात्रा का आनंद लें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, महंत बंसी पुरी महाराज, मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन गुरनाम सैनी, चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, महंत महेशपुरी महाराज आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### प्रतियोगिता में आस्था प्रथम, काव्या को दूसरा स्थान

**शाहबाद।** नगर के लोटस क्रिस्टल आर्ट एंड डांस स्टूडियो द्वारा एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। स्टूडियो के डायरेक्टर ग्रूमिका और अंशिका के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी और ब्राह्मण सभा के प्रधान प्रवेश शर्मा और उनकी धर्मपत्नी रमनी शर्मा रहे। उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता छात्र छात्राओं को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और बच्चों का हौसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि प्रवेश शर्मा ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के जीवन मे तरक्की करने के दिशा निर्देश मिलता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आस्था, द्वितीय काव्या और तृतीय लैविश रहे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी छात्र काफी उत्साहित नजर आए। मुख्य अतिथि रमणी शर्मा ने अपने वक्तव्य में बच्चों को तरक्की करने के गुर सिखाएं और जीवन में आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दी।



### हरियाणा-पंजाब कैटरर्स एसोसिएशन की बैठक

**कुरुक्षेत्र।** ऑल हरियाणा कैटरर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में कुरूक्षेत्र के पदाधिकारियों की बैठक पटियाला में पंजाब कैटरर्स एसोसिएशन के साथ हुई। जानकारी देते हुए ऑल हरियाणा कैटरर्स एसोसिएशन के चेयरमैन धर्मपाल सैनी और प्रदेशाध्यक्ष अवनी गुप्ता ने बताया कि हरियाणा और पंजाब में कैटरर्स से जुड़े व्यवसायियों के मुद्दों को लेकर दोनों संगठनों के बीच बड़े ही सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत हुई और उन्होंने एक छत के नीचे आने पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने हरियाणा संगठन के नियमों व शर्तों पर चलने का विश्वास दिलाया, जिससे संगठन को और मजबूती मिलेगी। इसी के साथ उन्होंने 14 जून को होने वाली ऑल इंडिया कैटरर्स की बैठक में आने का निमंत्रण भी स्वीकार किया। । इस संगठन के साथ जोड़ने की कड़ी पर चर्चा हुई, जिसके लिए दोनों संगठन जल्द ही चंडीगढ़ संगठन से बातचीत करेंगे।




### योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं युवा : धीमान

**थानेसर।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग द्वारा कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में सोमवार सुबह योग जागरूकता यात्रा निकाली गई। यात्रा में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने विशेष रूप से शिरकत कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। संस्थान के विद्यार्थियों ने आयुष विश्वविद्यालय परिसर से यात्रा शुरू की, जो सेक्टर-8 और सेक्टर-7 के विभिन्न मार्गों से होकर निकली। इस दौरान विद्यार्थियों ने /"करो योग-रहो निरोग/" के नारों के साथ आमजन को योग के प्रति जागरूक किया। यात्रा की अध्यक्षता स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग की प्रोफेसर डॉ. शीतल सिंगला ने की। कार्यक्रम में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।



### शिक्षा के साथ छात्रों की प्रतिभा में निखार जरूरी

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में चल रहे आचार्य विकास एवं पुनश्चर्या वर्ग में विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के महामंत्री का उद्बोधन प्राप्त हुआ उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में केवल किताबी ज्ञान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिक्षार्थी के भीतर की जिज्ञासा को जगाना और उसके मानस को समझना ही वास्तविक शिक्षा मनोविज्ञान है। यह विचार प्रख्यात शिक्षाविद् और विद्या भारती के महामंत्री अवनीश भटनागर ने एक विशेष उद्बोधन के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने भारतीय दर्शन और आधुनिक शिक्षण शास्त्र के अंतसंबंधों पर गहराई से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता अवनीश भटनागर ने कहा कि शिक्षा का क्षेत्र मूलतः तीन स्तंभों पर टिका है, शिक्षा दर्शन, शिक्षा मनोविज्ञान और शिक्षण शास्त्र। शिक्षा दर्शन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा के भीतर कौन से मूल तत्व विराजमान हैं, और शिक्षा 'क्या और क्यों' है। लेकिन इस 'क्या और क्यों' को व्यावहारिक धरातल पर उतारने और समझने के लिए हमें शिक्षा मनोविज्ञान की अत्यंत आवश्यकता होती है। भारतीय मनोविज्ञान का मूल अर्थ ही सीखना है।

### दो छात्रों का विप्रो कंज्यूमर केयर एंड लाइटिंग में चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (यूएसएम) ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्लेसमेंट उपलब्धि हासिल करते हुए अपने दो एमबीए विद्यार्थियों देवांशु अरोड़ा एवं अभिनव सिंह का चयन प्रतिष्ठित कंपनी विप्रो कंज्यूमर केयर एंड लाइटिंग में वार्षिक 6 लाख रुपये के पैकेज पर कराया है। चयनित विद्यार्थी कंपनी के साथ दो माह की इंटर्नशिप करेंगे। इस क्रम में वे बेंगलुरु में कंपनी के इंडक्शन कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात उन्हें कंपनी के परिचालन एवं उत्पादन प्रक्रियाओं को समझने के लिए हैदराबाद स्थित प्लांट का भ्रमण भी कराया जाएगा।



### कुरुक्षेत्र में तीन दिवसीय उत्तर भारत सर्वप्रथम महापंचायत एवं चिंतन शिविर 12 जून से

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श के उद्देश्य से तीन दिवसीय उत्तर भारत सर्वप्रथम महापंचायत एवं चिंतन शिविर का आयोजन 12 से 14 जून तक कुरुक्षेत्र स्थित अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में किया जाएगा। जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डा. कृष्ण श्योकंद ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि महापंचायत के दौरान शिक्षा, रोजगार, सामाजिक समरसता, युवा सशक्तिकरण, किसान हितों तथा समाज के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों के माध्यम से विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे तथा भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। समाज सुधार हेतु इस महापंचायत में उत्तर भारत की सभी खापों/सभी संगठनों/सम्बद्ध विषयों के विशेषज्ञों व अग्रणीय मौजीज प्रबुद्धजन अपने विचार रखेंगे। देशवाल खाप कॉर्डिनेटर के प्रधान संजय देशवाल ने बताया कि चिंतन शिविर में समाज के अनेक मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। नशे को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। सहरावत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लघु सचिवालय के बाहर ग्रामीणों का प्रदर्शन

- बारना सोसायटी में अवैध भर्ती के दोषी कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

दी बारना बहुउद्देशीय सहकारी समिति में कथित धांधली को लेकर गांव बारना के सैंकड़ों लोगों ने लघु सचिवालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सोसायटी में अवैध रूप से लगे कर्मचारियों को दिए गए वेतन को सोसायटी फंड में जमा करवाने व दोषी कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। न्यू लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों की शिकायत लेने के लिए नगराधीश आशीष कुमार पहुंचे तो ग्रामीणों ने उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा को अपनी शिकायत देने की बात कही। सीटीएम ने समाधान शिविर में शिकायतें सुनने के दौरान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से मिलवाया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी बात रखी। ग्रामीणों ने मांग की कि अवैध रूप से लगाए कर्मचारियों को दिया वेतन ब्याज समेत सोसायटी फंड में जमा करवाया जाए व दोषी अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ग्रामीण टेकचंद ने कहा कि उपायुक्त ने उनकी मांग को ध्यान से सुना व कार्रवाई का आश्वासन दिया है। टेकचंद ने कहा कि ग्रामीण इस मामले में तब तक चुप नही बैठेंगें जब तक दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई नही होती व अवैध रूप से लगे कर्मचारियों को दिया गया वेतन सासाईटी फंड में ब्याज समेत जमा नही होता। इस मौके पर ग्रामीण हवा सिंह, सुरेश कुमार, प्रदीप कुमार, महिंद्र सिंह, सूबे सिंह, राहुल, सत्यवान, फतेह सिंह, रामफल सैन, बब्ली, प्रेम, कमल सहारण, सतीश कुमार, मोहित, कलीराम, सलिंद्र शर्मा, जोगिंद्र, दरिया सिंह, राममेहर, सुभाष चंद, बलकार, कृष्ण कुमार, संतोष कुमार, तिलकराज, किरण कुमार सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।



**कुरुक्षेत्र।** डीसी आफिस के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## मानूसन में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नगरपालिका का एक्शन प्लान तैयार

# एक करोड़ से मजबूत होगी शहर में जल निकासी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

आगामी मानसून सीजन को देखते हुए शाहबाद नगरपालिका ने जलभराव की समस्या से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। बरसात के दौरान शहरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नगरपालिका द्वारा नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने और अतिरिक्त संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु करीब 1 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इस संबंध में हरियाणा सरकार में चेयरमैन सुभाष कलसाना ने नगरपालिका अधिकारियों और कर्मचारियों की विशेष बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में बरसात के दौरान किसी भी नागरिक को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मानसून सीजन के दौरान नालों की सफाई, पंपों के संचालन और जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए 35 अस्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी, जिनमें से 25 कर्मचारियों की नियुक्ति पहले ही की जा चुकी है। ये कर्मचारी दो माह तक विशेष रूप से बरसाती सीजन में कार्य करेंगे। सुभाष कलसाना ने कहा कि शहर के सभी संवेदनशील और जलभराव प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या वर्षों से चुनौती रही है, लेकिन इस बार नगरपालिका ने पहले से ही ठोस रणनीति तैयार की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की भी शाहाबाद विधानसभा पर विशेष नजर है। उन्होंने कहा कि बैंथन नाले की सफाई की ओर भी विशेष फोकस किया जा रहा है।



**शाहबाद।** मानसून को लेकर नपा अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते चेयरमैन सुभाष कलसाना। *फोटो : हरिभूमि*

### यह है प्रशासन की तैयारी

नगरपालिका सचिव बम्बूल सिंह मलिक ने बताया कि बैठक में विभिन्न स्थानों पर जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा की गई। शहर से बरसाती पानी एसटीपी से जोड़ने, इसके तहत एकता विहार में नई मोटर लगाने, गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब के निकट डाली गई पाइप लाइन की सफाई, सिविल अस्पताल रोड, विजय कॉलोनी रोड, रेलवे रोड, हुड्डा स्थित कम्युनिटी सेंटर के पास पाइप लाइन, आर्य कन्या महाविद्यालय रोड सहित अन्य प्रमुख नालों की सफाई का कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया गया है। बैठक में नपा प्रधान गुलशन कवात्तरा, नपा सचिव बम्बूल सिंह मलिक, मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, पार्षद जसबीर सैनी, पार्षद दीपक आनंद, पार्षद विजय कलसी, पार्षद नीरज मट्टू, ब्लॉक समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन रिंकू चहल, एडवोकेट मनदीप रावा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित

**खबर संक्षेप**

### 12 को होगी कष्ट निवारण समिति की बैठक

**अंबाला।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 12 जून को बाद दोपहर 4 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में होगी। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि मीटिंग की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। उन्होंने बताया कि मीटिंग का एजेंडा भी पूरा कर लिया गया है। इस दौरान सूचीबद्ध शिकायतों पर ही सुनवाई की जाएगी।

### कलाम बाल आश्रम में किया पौधरोपण

**जींद।** प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में कलाम बाल आश्रम में पौधारोपण किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित सिहाग ने बताया कि पर्यावरण जीवन का आधार है। यह हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, पीने के लिए स्वच्छ जल तथा खाने के लिए भोजन प्रदान करता है। पेड़ व पौधे और वन पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित रखते हैं तथा समय पर वर्षा लाने में सहायक होते हैं। यह लाखों पशु व क्षियों और कीटों का प्राकृतिक आवास भी हैं।

### आर्य गुरुकुल में योग शिविर का समापन

**जींद।** गांव अहिरका के आर्य गुरुकुल में आयोजित किया जा रहा योग शिविर संपन्न हो गया। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा व आर्य वीर दल वेद प्रचार विभाग गुरुकुल कुरुक्षेत्र के तत्वावधान योग शिविर का आयोजन किया जा रहा था। इसमें मुख्यातिथि के रूप में आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मवीर आर्य व वशिष्ठ अतिथि सभा मंत्री विजयपाल आर्य की अध्यक्षता में गुरूकुल कुरूक्षेत्र के प्रधान राजकुमार गर्ग पहुंचे।

### सुरेंद्र सिंह प्रधान और अश्वनी बने सचिव

**जींद।** सफीदों उप केंद्र के मंदिर प्रांगण में हरियाणा रोडवेज जागृति मंच यूनियन की बैठक हुई। बैठक का संचालन राज्य कमेटी के पदाधिकारी विक्रम खान व फूल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता राज्य प्रधान सुरेंद्र सिंह ने की। सुरेंद्र सिंह बुड्ढाखेड़ा को प्रधान, सचिव अश्वनी कुमार, सह सचिव मुकेश, उप प्रधान मुकेश, वरिष्ठ उप प्रधान जयवीर सिंह, खजांची संदीप बागड़, सह खजांची राजेंद्र, प्रेस प्रवक्ता राजेश, सह प्रेस प्रवक्ता कुलदीप, प्रेस सचिव वीरेंद्र, कुलदीप, ऑडिटर नीरज, सह ऑडिटर राजेश, संगठन सचिव श्रीभगवान चुना गया।

### सत्संग भवन का टूटा ताला आभूषण तथा सामान चोरी

**जींद।** आर्य उपनगर नरवाना में बीती रात चोरों ने सत्संग भवन का ताला तोड़ कर पांच चांदी के छतर, सोने की नाथ तथा बर्तनों को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला किया है।
आर्य उपनगर नरवाना निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मकान के सामने सत्संग भवन है।

## गैरकानूनी तरीके से कनेक्शन लेने वाले परिवारों की सप्लाई भी बंद

# बोड़ाखेड़ा में पानी के अवैध कनेक्शनों पर कड़ी कार्रवाई, दो दर्जन से ज्यादा काटे

### अधिकारी बोले, पानी कनेक्शन के लिए करना होगा आवेदन, अवैध कनेक्शनों के जरिए हो रही थी पानी की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। शहजादपुर



शहजादपुर। पानी के अवैध कनेक्शन काटते विभागीय कर्मचारी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरक्षण एवं सभी उपभोक्ताओं तक समान रूप से पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव बोड़ाखेड़ा में अवैध पानी कनेक्शनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब दो दर्जन अवैध जल कनेक्शनों को काटा गया। इन कनेक्शनों के जरिए न केवल पानी की बर्बादी हो रही थी बल्कि विभाग को भी राजस्व को नुकसान हो रहा था। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण भूजल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। इससे कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। अवैध कनेक्शनों के कारण जल की अनावश्यक बर्बादी होने से आम उपभोक्ताओं को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई है। कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान ने कहा कि पानी एक अमूल्य प्राकृतिक संसाधन है। इसकी प्रत्येक बूंद को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पानी का सदुपयोग करें। किसी भी प्रकार का अवैध जल कनेक्शन न लें। एसडीओ अंकुश सहगल, जेई नरसिंह तथा बीआरसी इकबाल मोहम्मद उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए वर्षा जल संचयन, पानी की बर्बादी रोकने तथा जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश भी दिया। एसडीओ अंकुश सहगल ने बताया कि अवैध कनेक्शनों के कारण जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है। अंतिम छोर तक पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे कनेक्शन विभाग को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ जल संरक्षण के प्रयासों को भी प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कनेक्शनों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। जेई नर सिंह ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सभी उपभोक्ता अपने पेयजल कनेक्शन नियमित करवाएं तथा पेयजल का उपयोग केवल घरेलू आवश्यकताओं के लिए करें। उन्होंने कहा कि पेयजल का उपयोग वाहन धोने, बाग-बगीचों की सिंचाई अथवा अन्य गैर-घरेलू कार्यों में न करें तथा पानी की एक-एक बूंद को बचाने में सहयोग दें। विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभागीय नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक उपभोक्ता तक स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से अवैध कनेक्शनों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

#### चलेगा कनेक्शन काटने का अभियान

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पानी बचाने व राजस्व को हो रहे नुकसान की भरपाई के लिए निरंतर अवैध कनेक्शनों को काटने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से इन कनेक्शनों के जरिए पानी की भारी बर्बादी हो रही थी। पानी के संरक्षण के लिए ऐसे अवैध कनेक्शनों को काटना बेहद जरुरी है। उन्होंने बताया कि उन परिवारों के भी कनेक्शन काटने जा रहे हैं जिन्होंने विभाग की बजाय खुद ही कनेक्शन ले लिया था। न तो ये परिवार पानी के बिल का भुगतान कर रहे थे न ही विभागीय गाइडलाइन की पालना कर रहे थे। ऐसे में विभाग की ओर से कई परिवारों की पेयजल आपूर्ति को बंद कर दिया गया है।

#### पिछले दिनों काटे गए थे 16 कनेक्शन

जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान ने बताया कि पानी के अवैध कनेक्शन काटने का काम पूरे जिले में चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब हर गांव में विभागीय कर्मचारी ऐसे कनेक्शन काटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों ही विभाग की ओर से 16 कनेक्शन काटे गए थे। उन्होंने बताया कि अब बिना आवेदन के किसी को भी गैरकानूनी तरीके से पानी का कनेक्शन नहीं मिलेगा। इसके लिए विभागीय आदेशों की पालना करनी होगी।

# सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने वालों पर होगी पहचान

- शहर को स्वच्छ बनाने में जनता दे सहयोग, कूड़ा गाड़ियों में ही डालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बरांडा



बराड़ा। सड़कों पर फैले कूड़े का दृश्य।

नगर पालिका की ओर से शहरवासियों, वार्ड निवासियों तथा दुकानदारों से स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की है। नगर परिषद प्रशासन शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है, लेकिन शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में आम जनता की भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। सचिव मोहित सैनी ने कहा कि तभी शहर को साफ, सुंदर और स्वच्छ बनाया जा सकता है जब नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सफाई व्यवस्था में सहयोग करें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे घरों व दुकानों का कूड़ा केवल नगर परिषद की कूड़ा संग्रहण गाड़ियों में ही डालें तथा सड़कों, डिवाइडरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने से परहेज करें। उन्होंने बताया कि नगर पालिका को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि सफाई कर्मचारी क्षेत्र की सफाई करने के कुछ ही समय बाद कुछ लोग दोबारा सड़कों, डिवाइडरों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंक देते हैं, जिससे शहर की सुंदरता प्रभावित होती है और गंदगी फैलती है। नगर पालिका सचिव ने चेतावनी देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने वालों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर कोई समस्या या दिक्कत आती है तो नागरिक तुरंत नगर पालिका प्रशासन को सूचित करें, ताकि प्राथमिकता के आधार पर उसका समाधान करवाया जा सके।उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया कि स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर के निर्माण में नगर परिषद का सहयोग करें तथा सफाई व्यवस्था को सफल बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उधर नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक ने कहा कि स्वच्छ शहर केवल प्रशासन के प्रयासों से नही बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को साफ-सुथरा और स्वस्थ वातावरण मिल सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कूड़ा निर्धारित स्थानों और कूड़ा संग्रहण वाहनों में ही डालें तथा सड़कों, डिवाइडरों और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने से बचें। रजत मलिक ने कहा कि स्वच्छता को अपनी आदत बनाकर ही हम शहर को सुंदर और विकसित बना सकते हैं।

# योग दिवस की तैयारियां शुरू, विभागीय अधिकारियों ने की फेडरेशन से की बैठक

- बच्चों को मिलेगी टी शर्ट के साथ कैप, पानी की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर आयुष विभाग के अधिकारियों ने आज योगा फेडरेशन के प्रधान राजिंदर विज से मुलाकात की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। चर्चा के दौरान राजिंदर विज ने अधिकारियों से सुझाव दिया कि इस बार बच्चों को शर्ट की बजाय टोपी, रुमाल, रिफ्रेशमेंट की अतिरिक्त पानी की बोतल वितरित किए जाएं, ताकि वे भीषण गर्मी से बच सकें। उन्होंने कहा कि जून माह में तापमान अधिक रहता है, ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव जरूरी है। अधिकारियों ने प्रधान के सुझाव को सराहा और कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चों की सुविधा व सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। बैठक में योग दिवस पर होने वाले सामूहिक योगाभ्यास, प्रतियोगिताओं और सम्मान समारोह की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। योगा फेडरेशन के प्रधान को उन्होंने 2025 में पूरे प्रदेश में हुए तमाम योगा कार्यक्रमों की एक कैटलॉग भी प्रदान की। विज ने कहा कि योगा फेडरेशन आयुष विभाग के साथ मिलकर योग दिवस को भव्य रूप से बनाने का पूरा प्रयास करेगा।

#### यूट्यूब चैनल पर होगा फ्री टेलीकास्ट

इसके अतिरिक्त आने वाली 14 जून सुबह 5:15 से योगा फेडरेशन, लाल कोठी हाउसिंग बोर्ड, अंबाला छावनी के वैलनेस सेंटर से हर रोज सुबह विभिन्न आसान और विभिन्न बीमारियों पर योग यूट्यूब पर फेडरेशन के संयुक्त सचिव राजेश बंजोला के द्वारा फ्री टेलीकास्ट किया जाएगा जिससे कि आप घर बैठे भी योग की क्लास के साथ-साथ आप भी योग कर सकते हैं।

### नायब तहसीलदार ने शिविर में सुनी शिकायतें

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन जसविंदर सिंह बख्तुआ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नायब तहसीलदार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनहित से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कपड़ा कारोबारियों की मांग पूरी, अग्रसेन चौक से हनुमान मंदिर तक बनेगी सड़क

- मेयर से विधिवत रूप से शुरू कराया सड़क निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। मेयर अक्षिता सैनी का अभिनंदन करते कपड़ा कारोबारी। *फोटो : हरिभूमि*

अंबाला शहर की प्रमुख होलसेल कपड़ा मार्केट में अब विकास की नई शुरुआत हो गई है। लंबे समय से सड़क की समस्या से जूझ रहे व्यापारियों और ग्राहकों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। मार्केट में कंक्रीट की पक्की सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस विकास कार्य का उद्घाटन मेयर अक्षिता सैनी और वार्ड नंबर-11 की सदस्य कविता सैनी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल सहित कपड़ा मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि कपड़ा मार्केट में हरियाणा के अलावा पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली सहित कई राज्यों से प्रतिदिन हजारों व्यापारी और ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। लंबे समय से यहां की सड़कों की खराब स्थिति और जलभराव की समस्या को दूर करने की मांग उठाई जा रही थी।



### लघु नाटिकाओं से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अंबाला** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीनियर सिटीजन काउंसिल पंचकूला द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में काउंसिल के कलाकारों ने पर्यावरण विषय पर आधारित नाटक, गीत एवं कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित सदस्यों को जागरूक और प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भी अपनी लघु नाटिकाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही 22 मई को आयोजित पर्यावरण विषयक पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री अजय शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन तथा हरित जीवनशैली अपनाने के महत्व पर अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक जानकारी दी। उनके विचारों की सभी उपस्थितजनों ने भरपूर सराहना की।काउंसिल के महासचिव श्री अविनाश मेहता ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण विषय पर इस प्रकार का कार्यक्रम सीनियर सिटीजन काउंसिल में पहली बार आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सदस्यों से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है तथा अनेक सदस्यों ने इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताते हुए प्रतिवर्ष आयोजित करने का सुझाव दिया।कार्यक्रम में कुल 135 सदस्यों ने भाग लिया।

# तीन अवैध निर्माणों पर चली जेसीबी विभाग ने गांव खुड्डी में की कार्रवाई

- डीलरों के बहकावे में न आकर अवैध कॉलोनियों में न खरीदे जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। अवैध निर्माण को ढहाती जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा ने गांव खुड्डी (एचबी 97) में अवैध रूप से लगभग 1.5 एकड़ भूमि पर निर्मित 3 अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की कार्रवाई अमल में लाई गई। यहां अवैध निर्माणों को पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक कौशिक, क्षेत्रान्वेषक रविंद्र व पुलिस बल के साथ एसएचओ भी उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि प्रोपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदें। उन्होंने लोगों से कहा कि वे ऐसे अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदने के बाद किसी तरह का निर्माण न करें। अगर रोक के बावजूद किसी ने इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदकर निर्माण करने की कोशिश की तो उसे तोड़ दिया जाएगा।



### श्रद्धापूर्वक मनाई समुद्र सूरी की 49वीं पुण्यतिथि

**अंबाला।** शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल ने गुरुदेव समुद्र सूरी महाराज की 49वीं पुण्यतिथि को पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। प्रबंधक समिति के सदस्यों ने 49 दीपक जलाकर और इस सम्मानित आध्यात्मिक गुरु की नेक शिक्षाओं और अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि समारोह सुबह 9:00 बजे स्कूल परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें मैनेजमेंट के सदस्यों, प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत और स्टाफ ने गुरुदेव के प्रति प्रार्थना की और आभार व्यक्त करते हुए नमन किया। यह अवसर उनकी स्थायी विरासत और समाज में उनके द्वारा प्रेरित मूल्यों की याद दिलाने वाला था। प्रबंधक समिति के सम्मानित सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, प्रबंधक समिति के सलाहकार रविकांत जैन और प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने गुरुदेव के श्रद्धा भाव व्यक्त किया और गुरुदेव द्वारा दिखाए गए ज्ञान, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने के अपने संकल्प को दोहराया।

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी लोगों की शिकायतें

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए आम नागरिकों की शिकायतों को सुनने का काम किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे प्रत्येक प्रार्थियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि समाधान शिविर लगाने का उदेश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इसी के साथ उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करते है। एसडीएम ने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार का विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### स्वस्थ्य जीवनशैली के लिए हुई साइक्लोथॉन

**अंबाला।** रेलवे कर्मियों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से डिविजनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। रेल विहार कॉलोनी में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में रेलकर्मियों और आरपीएफ जवानों ने भाग लिया। साइक्लोथॉन की शुरुआत कैंट स्थित ऑफिसर्स क्लब, रेल विहार से हुई। मंडल रेल प्रबंधक विनोद भाटिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। साइक्लोथॉन में भाग लेकर सभी प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। इस दौरान वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी चंद्रकांत मोंगरे सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक ने नगोली में किया विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

# मोदी के नेतृत्व में देश ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धियां : सैनी

### नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों की गांव-गांव में जाकर लोगों को देंगे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। शहजादपुर



शहजादपुर। विकास योजनाओं का उद्घाटन करते पूर्व विधायक।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने गांव नगोली में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ने पूर्व विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व उनका आभार व्यक्त किया। सैनी ने कहा नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों की गांव-गांव में जाकर जानकारी देंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पवन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याण और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सरकार की नीतियों का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराया जा सके। डॉ. सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गई हैं। आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की है तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए आर्थिक संबल बनी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।